## खबर संक्षेप

### दिनदहाड़े महिला से चैन स्नेचिंग, बदमाश बेखौफ

**शहडोल।** जिले में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब उन्हें पुलिस का जरा भी डर नहीं रह गया है। बुढार थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन रोड स्थित सब्जी मंडी में शनिवार सुबह करीब 11 बजे दिनदहाड़े चैन स्नेचिंग की वारदात ने सनसनी फैला दी। जानकारी के अनुसार, ब्लॉक कॉलोनी निवासी विमला नामदेव, जो रिटायर्ड शिक्षक अवधेश प्रसाद नामदेव की पत्नी हैं, सब्जी मंडी में खरीदारी कर रही थीं। तभी बाइक सवार दो बदमाश पहुंचे और उनके गले से करीब दो लाख रुपये कीमत की सोने की चैन झपटकर फरार हो गए। यह सब कुछ कुछ ही सेकंडों में हो गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह वारदात शहर के सबसे व्यस्त इलाके में हुई, जहां हर वक्त लोगों की भारी भीड़ रहती है। इसके बावजूद बदमाश बेखौफ होकर फरार हो गए। घटना ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। पीड़ित महिला सदमे में हैं, जबकि स्थानीय लोगों ने पुलिस की लापरवाही पर कड़ा रोष जताया है। लोगों का कहना है कि जब भीड़भाड़ वाले इलाके में भी सुरक्षा नहीं, तो बाकी जगहों का क्या हाल होगा। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का दावा किया है, लेकिन जनता पूछ रही है कि शहर में अपराधी इतने बेखौफ क्यों हैं और पुलिस सिर्फ बयानबाजी तक सीमित क्यों है।

### विधायक ने नवजन्मी बालिकाओ को वितरित किया बेबी किट



**शहडोल।** पोषण माह अंतर्गत जिले में नवजात कन्याओ को बेबी किट तथा बेटी को जन्म देने वाली प्रसूता माताओ को फल से भरी टोकरी भेंट की जा रही है। जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के तहत शारदेय नवरात्रि के अवसर पर 25 सितम्बर से यह विशेष पहल शुरू की गई है। ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक शरद कोल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब्यौहारी में नवजात कन्याओ को बेबी किट तथा माताओ को फल की टोकरी भेंट की। इस अवसर पर महिला बाल विकास के अमले द्वारा माताओ का तिलक एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

#### शहडोल कलेक्टर-एसपी की गलती उजागर, राज्य सरकार पर भी उठाए सवाल

# एनएसए की गलत कार्रवाई को लेकर हाईकोर्ट की कड़ी फटकार

शहडोल।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने शहडोल में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत जारी विवादास्पद हिरासत आदेश पर राज्य और जिला प्रशासन को जमकर आलोचना की है। कोर्ट ने आदेश को गंभीर गैर-आवेदन का उदाहरण बताते हुए कहा कि इस स्तर की चूक सरकारी अभिरक्षा की विफलता है। मध्यस्थ सुनवाई में मुख्यालय पर स्थित कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत हुए। कलेक्टर ने स्वीकार किया कि 9 सितंबर 2024 के उस आदेश में नीरजकांत द्विवेदी का नाम दर्ज कर दिया गया, जबकि आदेश सुषांत बैस (याचिकाकर्ता के बेटे) के खिलाफ जारी होना था। उन्होंने इसे गलती बताया और कहा कि दोनों मामलों की फाइलें साथ-साथ चल रही थीं।



### अदालत के समक्ष एक शर्मनाक प्रस्तुति

खंडपीठ—जस्टिस विवेक अग्रवाल एवं जस्टिस अवनिंद्र कुमार सिंह ने इस सफाई को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि यह केवल भूल नहीं, बल्कि गैर-जिम्मेदारी है। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि यदि राज्य सरकार ने फाइल पढ़ी होती, तो यह गलती तुरंत पकड़ में आ जाती। यह अदालत के समक्ष एक शर्मनाक प्रस्तुति है कि सरकार बिना जांच के मंजूरी दे देती है। अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम की धारा 3(4) के अंतर्गत किसी भी हिरासत आदेश को राज्य सरकार की स्वीकृति की आवश्यकता है, साथ ही आदेश के साथ कारणों और तथ्य भी भेजे जाने चाहिए। यदि आदेश में ही गलती है, तो संपूर्ण मंजूरी प्रक्रिया ही दोषपूर्ण हो जाती है। कोर्ट ने पूछा कि यदि प्रारंभ में ही आदेश सही नाम पर नहीं भेजा गया, तो राज्य सरकार ने उसे कैसे स्वीकृति दी?

### कलेक्टर के खिलाफ हो कार्यवाही

अदालत ने गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है, जिसमें यह स्पष्ट करना होगा कि इतनी बड़ी चूक कैसे हुई और क्यों न राज्य सरकार पर उदाहरणीय लागत लगाई जाए। साथ ही कोर्ट ने राज्य को मूल फाइल भी पेश करने का आदेश दिया, जिसमें कलेक्टर का प्रस्ताव और राज्य की मंजूरी दर्ज है। अगर यह प्रमाणित होता है कि आदेश राज्य सरकार तक ही नहीं पहुंचा, तो यह चौंकाने वाला मामला होगा। ऐसी स्थिति में, न्यायालय ने निर्देश दिया है कि राज्य सरकार द्वारा कलेक्टर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए और रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

### संवैधानिक हनन का स्वरूप

अगली सुनवाई 7 अक्टूबर को होगी। अदालत ने बताया कि उस दिन यह मामला सूची में शीर्ष पर रहेगा। फिलहाल कलेक्टर और एसपी को व्यक्तिगत तौर पर पेश होने की राहत दी गई है, पर उच्चतम स्तर से जवाबदेही तलब की गई है। यह मामला अत्यंत संवेदनशील है क्योंकि राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम जैसा कड़े कानून का दुरुपयोग व्यापक न्यायिक-संसदीय समीक्षा का विषय बन गया है। जब इतना बुनियादी तथ्य—नाम—ही गलत हो, तो न्यायालय ने इसे एक शासन की लापरवाही, कानूनी पाखंड और संवैधानिक हनन का स्वरूप कहा है।

# तालाबों पर भूमाफियाओं का कब्जा



प्रशासन मौन-जल संरक्षण अभियान पर सवाल

**मानपुर।** जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग से सटा ऐतिहासिक वनतालाब आज भूमाफियाओं के शिकंजे में जकड़ा हुआ है। जल संवर्धन अभियान के नाम पर जहां सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर तालाबों की सफाई और संरक्षण की बात करती है, वहीं मानपुर के वनतालाब और मंदिरहा तालाब अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार मानपुर खसरा नंबर 716, 717 और 718 में निवासी कमलेश गुप्ता द्वारा तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा और भटवाने का कार्य किया जा रहा है। यह सब कुछ तहसील मुख्यालय के सामने हो रहा है, जहां एसडीएम कोर्ट और अन्य सभी विभागीय कार्यालय मौजूद हैं। शिकायतें बार-बार अधिकारियों तक पहुंचाई गईं, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों का कहना है कि ये तालाब मानपुर क्षेत्र की जीवनरेखा हैं, जिनसे दशकों से लोग जल उपयोग कर रहे हैं। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो तालाबों का अस्तित्व ही मिट जाएगा। इसी तरह बरबसपुर मोहल्ले के गणेश नगर में अवैध कॉलोनी निर्माण का मामला भी उजागर हुआ है। बिना कॉलोनाइजऱ लाइसेंस के भू-माफियाओं ने औने-पौने दामों पर प्लॉट बेचकर कॉलोनी बसाई, लेकिन न सडक़ बनी, न नाली। विभागीय जांच में इन पर एफआईआर दर्ज करने और विक्रय रोकने की अनुशंसा की गई है। स्थानीय लोगों ने कड़े शब्दों में कहा मानपुर में माफिया राज चल रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाली पीढय़ाँ सिर्फ नाम से तालाबों को जानेंगी।

# शासकीय कार्यालयों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

### कलेक्टर ने थामी झाड़ू तथा संग्रहित कचरे का भी किया निदान



**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आहवान पर जिले में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सफाई का अभियान श्रमदान के माध्यम से चलाया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में आज 27 सितम्बर को जिले भर के शासकीय कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने स्वयं कलेक्ट्रेट परिसर में झाड़ू लगाया तथा कचरे का निदान भी किया। शासकीय सेवकों ने श्रमदान कर कार्यालयों में रखी गई अनुपयोगी वस्तुओं को कार्यालय से हटाया तथा कार्यालयीन रिकार्ड जिनका तात्कालिक महत्व नहीं है को बस्तों में बांधकर व्यवस्थित रूप से संधारित किया गया। इसके साथ ही कार्यालय कक्षों, गैलरी तथा कार्यालय परिसरों की साफ-सफाई कर कचरे का निदान किया गया।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में सफाई अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने विभिन्न कार्यालयों में भ्रमण कर अभियान के तहत की गई सफाई का निरीक्षण भी किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने के साथ ही श्रमदान करने वाले शासकीय सेवकों का उत्साहवर्धन भी किया। कार्यालय भवन के कोनो में एकत्र कचरे का समक्ष में उपस्थित होकर निदान करवाया। अभियान के दौरान उन्होंने स्वयं भी श्रमदान किया। स्वच्छता अभियान के तहत जनजातीय कार्य विभाग, खाद्य विभाग, अपर कलेक्टर कार्यालय, जन अभियान परिषद, आबकारी विभाग, मत्स्यपालन विभाग, भू-अभिलेख, निर्वाचन कार्यालय, कोषालय, डीपीसी कार्यालय, एनआईसी तथा सभागारों आदि में सफाई का अभियान संचालित किया गया।

# मेडिकल कॉलेज गेट के सामने हटेंगी अवैध दुकानें

## प्रबंधन ने यातायात पुलिस को लिखा पत्र

शहडोल।

बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के मुख्य द्वार के सामने वर्षों से लगी अवैध दुकानों को अब हटाया जाएगा। मरीजों और एंबुलेंस की आवाजाही में लगातार आ रही बाधाओं के मद्देनजऱ कॉलेज प्रबंधन ने यातायात पुलिस को पत्र लिखकर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। इस पर यातायात पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दुकानदारों को समझाइश दी। यातायात सूबेदार प्रियंका शर्मा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज गेट के सामने कई अस्थायी दुकानें संचालित की जा रही हैं। इन दुकानों के कारण सडक़ पर वाहनों की भीड़ लगी रहती है, जिससे मरीजों, उनके परिजनों और कॉलेज स्टाफ को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से आपातकालीन स्थिति में आने वाली एंबुलेंस को प्रवेश और निकास में बाधा उत्पन्न हो रही है।



### स्वेचछा से हटाये अतिक्रमण

प्रबंधन द्वारा दिए गए पत्र के आधार पर यातायात पुलिस अमला मौके पर पहुंचा। टीम ने सभी दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सूबेदार प्रियंका शर्मा ने बताया कि पुलिस का उद्देश्य किसी की रोजी-रोटी छीनना नहीं, बल्कि मरीजों की सुविधा और सडक़ सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि यदि दुकानदार स्वेच्छा से जगह खाली कर देंगे तो कार्रवाई की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। दूसरी ओर, दुकानदारों ने भी यातायात पुलिस को आश्वासन दिया है कि वे जल्द से जल्द अपना सामान हटाकर फुटपाथ और सडक़ मार्ग को खाली कर देंगे।

### कई बार हुई शिकायत

उल्लेखनीय है कि मेडिकल कॉलेज के सामने लंबे समय से छोटे ठेले और दुकानें लगी हुई थीं, जिनके कारण सडक़ का लगभग आधा हिस्सा कब्जे में आ गया था। कॉलेज प्रशासन और स्थानीय लोगों ने कई बार इन अतिक्रमणों की शिकायत की थी, जिसके बाद आखिरकार पुलिस ने कार्रवाई की पहल की है। अब उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में कॉलेज गेट के आस-पास का इलाका साफ-सुथरा और अवरोधमुक्त नजर आएगा, जिससे एंबुलेंस, मरीजों और आमजन को राहत मिलेगी।



# कांग्रेस ने किया मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन

**शहडोल।** कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा नवरात्रि पर्व के अवसर पर महिलाओं और भाई-बहन के रिश्ते पर की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर कांग्रेसजनों में आक्रोश फूट पड़ा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी के आवाहन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी एवं मंडलम कांग्रेस कमेटी ब्यौहारी ने संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन करते हुए विजयवर्गीय का पुतला दहन किया। इस दौरान मंडलम कांग्रेस कमेटी ब्योहारी के अध्यक्ष सतेंद्र त्रिपाठी 'पिंटू' के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए और मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि विजयवर्गीय की टिप्पणी न केवल महिलाओं का अपमान है, बल्कि समाज की मर्यादा को भी ठेस पहुँचाने वाली है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मंत्री सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते तो आंदोलन को और व्यापक स्वरूप दिया जाएगा। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी के अध्यक्ष विनोद ताम्रकार, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल, हरेंद्र सिंह, नरेंद्र पांडे, पुष्पेंद्र परौहा, हरिशंकर कोरी, पप्पू साकेत, प्रियदर्शी तिवारी, कमला कोरी, गीता कोल, लैला खान, राजभान मिश्रा, अनिल नामदेव, हरि सिंह, विक्रम सिंह, विक्रम कोल, अतुल तिवारी, बसंत साहू, पहलाद तिवारी, आयुष ताम्रकार और अभिषेक सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि विजयवर्गीय की यह टिप्पणी लोकतांत्रिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति के विपरीत है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार से मांग की कि मंत्री तत्काल अपने शब्द वापस लें और सार्वजनिक तौर पर खेद प्रकट करें, अन्यथा विरोध प्रदर्शन तेज होगा।

# केलमनिया में आदि सेवा केंद्र का किया गया शुभारंभ



**शहडोल।** आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम केलमनिया में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शक्ति सिंह एवं ग्राम सरपंच श्रीमती कुसुम सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दीपक मंडावी, जिला मास्टर ट्रेनर दिनेश चंद्र मिश्रा ग्राम विजन प्लान बनाने वाले अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम वासी उपस्थित रहे ।

संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे. पी. यादव ने कहा की प्रधानमंत्री की प्रेरणा से भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान जनजातीय ग्रामों को उत्कर्ष ग्राम बनाने की पहल हैं । विशेष पिछड़ी जन जातियों के लिए पी.एम. जनमन योजना शुरू की गई थी जो काफी सफल रही, प्रत्येक बैगा परिवार और व्यक्ति को इसका लाभ मिला। बाकी जनजातियों को भी इसी तरह का लाभ मिले, इसके लिए जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना प्रारंभ की गई है। इसे सफल बनाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान शुरू किया गया है । इस अभियान के तहत प्रत्येक जनजाति ग्राम के लिए अगले 5 साल यानी 2030 तक के लिए विजन प्लान बनाया जा रहा हैं ।

गांव की आवश्यकताओं का आंकलन ग्राम वासी और शासकीय अधिकारी, कर्मचारी करेंगे। विभिन्न योजनाओं में छूटे हुए लोगों की लिस्ट बनाएंगे । गांव में क्या संसाधन उपलब्ध हैं और किन संसाधनों की आवश्यकता है, इसका आंकलन कर ग्राम विजन प्लान में उल्लेख करेंगे, ताकी आगामी 5 सालो में ग्राम को सर्व सुविधा संपन्न आदर्श ग्राम बनाया जा सके । इस अभियान में लगभग सभी सरकारी विभागों का समन्वय होगा तथा सभी मिलकर कार्य करेंगे। विजन प्लान बनाने के लिए शासकीय कर्मी ग्राम का भ्रमण करेंगे तथा लोगों से मिलकर गाँव की आवश्यकताओं पर चर्चा करेंगे । 30 सितंबर तक ग्राम विजन प्लान अंतिम रूप दिया जाकर 2 अक्टूबर की ग्राम सभा में अनुमोदन लिया जाएगा ।

ग्राम में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया है, यह केंद्र ग्रामीणों की समस्याओं के निदान के लिए कार्यशील रहेगा। ग्रामीणों को अपनी समस्याओं को लेकर अब इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। सेवा केंद्र पर ही आवेदन दिया जाएगा, जिसे संबंधित अधिकारी तक पहुंचाया जाकर निराकरण कराया जाएगा । ग्रामीणों का समय और भटकना बचेगा । उपायुक्त ने उपस्थित कर्मचारियों को कहा कि विजन प्लान बनाने के लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य करें, शिक्षक, विद्यार्थी, सामाजिक संगठन के कार्यकत्र्ता सब साथ मिलकर सहयोग करें ।

उल्लेखनीय है कि संभागीय उपायुक्त जेपी यादव ने आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ग्राम केलमनिया को गोद लिया है। इस ग्राम का विजन प्लान श्री यादव की देखरेख में बनेगा, ग्राम के विकास के लिए वे विभिन्न विभागों से समन्वय करेंगे । जिला मास्टर ट्रेनर दिनेश चंद्र मिश्रा ने ग्राम विजन प्लान के बारे में विस्तृत जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराया ।

#### कैलाश विजयवर्गीय पर कांग्रेस का तीखा प्रहार

# सार्वजनिक मंच से माफी मांगे अन्यथा सड़कों पर उतरेगी महिला कांग्रेसः अवस्थी

शहडोल।




नवरात्रि के पावन अवसर पर जब पूरा देश माँ दुर्गा की आराधना में लीन है, तब भाजपा के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विवादित बयान ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। इस पर जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और मंत्री के बयान को नारी सम्मान और भारतीय संस्कृति पर सीधा हमला बताया। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता शिम्पी अग्रवाल और जनपद अध्यक्ष उमा धुर्वे ने कहा कि जब पूरा देश माँ दुर्गा की पूजा में लीन है, वही मंत्री विजयवर्गीय नारी शक्ति और बहन-भाई के पवित्र रिश्ते को कलंकित करने वाले शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह बयान न केवल महिलाओं का, बल्कि माँ दुर्गा की आराधना की पवित्रता का भी अपमान है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विजयवर्गीय का बयान, जिसमें उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर अमर्यादित टिप्पणी की, राजनीतिक कटाक्ष नहीं बल्कि सामाजिक अपराध है। शिम्पी अग्रवाल ने कहा कि नवरात्रि में देवी शक्ति की पूजा की जाती है, लेकिन भाजपा के मंत्री इसी समय महिलाओं की गरिमा को तार-तार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सोच दर्शाती है कि भाजपा के शीर्ष नेताओं के लिए नारी सम्मान केवल मंचों की बात रह गई है, व्यवहार में नहीं।

कांग्रेस ने यह भी याद दिलाया कि यह पहला मौका नहीं है जब कैलाश विजयवर्गीय ने महिलाओं पर विवादित बयान दिया हो। पहले भी उन्होंने कहा था कि कुछ महिलाएं ऐसे वस्त्र पहनती हैं जिससे वे देवी नहीं, शूर्पणखा लगती हैं और कम कपड़े पहनने वाली महिलाएँ उन्हें पसंद नहीं। कांग्रेस ने कहा कि यह मानसिकता सामंती, संकीर्ण और नारी-विरोधी है, जो एक मंत्री पद के व्यक्ति को शोभा नहीं देती।

अजय अवस्थी ने कहा कि जिस प्रदेश में प्रतिदिन 20 बलात्कार और 33 अपहरण की घटनाएँ दर्ज हो रही हैं, जहां 21 हजार से अधिक महिलाएं और नाबालिग लड़कियाँ लापता हैं, वहां भाजपा सरकार के मंत्री अगर महिलाओं पर टिप्पणी करें, तो यह प्रदेश की अस्मिता पर कलंक है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश महिलाओं के खिलाफ अपराधों में देश में शीर्ष पर है और यह स्थिति भाजपा की नाकामी को दर्शाती है।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मंदसौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर जैसे मामलों में महिलाओं पर अत्याचार के बावजूद सरकार ने अपराधियों को संरक्षण दिया। ऐसे में जब मंत्री स्वयं महिलाओं की मर्यादा का अपमान करें, तो यह सरकार के महिला विरोधी चरित्र की पोल खोल देता है।

कांग्रेस ने माँ दुर्गा के नाम पर विजयवर्गीय को चुनौती दी कि यदि उनमें नैतिकता बची है तो वे माँ दुर्गा के समक्ष नारी जाति से सार्वजनिक माफी माँगें अन्यथा मुख्यमंत्री को उन्हें मंत्री पद से बर्खास्त करना चाहिए। अजय अवस्थी ने कहा कि यह बयान किसी एक महिला या नेता का नहीं, बल्कि पूरे भारतीय समाज की बहनों का अपमान है। नवरात्रि में ऐसा बयान देना माँ दुर्गा के पावन उत्सव को ठेस पहुँचाने जैसा है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा मंत्री माफी नहीं मांगते तो महिला कांग्रेस सडक़ों से लेकर सदन तक आंदोलन छेड़ेगी और नवरात्रि की शक्ति से प्रेरित होकर भाजपा की महिला विरोधी सोच का हर स्तर पर मुकाबला करेगी।

अंत में अवस्थी ने कहा हर भाई-बहन अपनी मर्यादा जानता है। मंत्री जी को संस्कार सिखाने की ज़रूरत नहीं। उनका बयान मध्यप्रदेश की गरिमा, नवरात्रि की पवित्रता और माँ दुर्गा की प्रतिष्ठा पर सीधा प्रहार है। कांग्रेस इस अपमान को कभी नहीं भूलेगी। पत्रकार वार्ता में पूर्व उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, जयकरण सिंह और पूर्व पार्षद प्रभात पांडेय सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कमिश्नर ने पोषण माह के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र कर्री का किया औचक निरीक्षण

शहडोल।

कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने सेवा पखवाडा अंतर्गत चलाए जा रहे स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार तथा राष्ट्रीय पोषण माह अभियान की मॉनीटरिंग हेतु जिले की गोहपारू जनपद पंचायत की ऑगनवाड़ी केंद्र कर्री का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ऑगनवाड़ी केंद्र में संचालित विभिन्न पंजियो यथा गर्भवती माताओ का पंजीयन, धात्री माताओ का पंजीयन, ऑगनवाडी केंद्र दर्ज बच्चों की उपस्थिति, नाश्ता एवं भोजन का वितरण, टेक होम राशन का वितरण तथा उपलब्धता, नवजात शिशुओ का टीकाकरण तथा गर्भवती माताओ को दी जाने वाली दवाओ के वितरण का अवलोकन किया। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान पोषण माह अंतर्गत कुपोषित बच्चो की पहचान हेतु बच्चो के वजन एवं लम्बाई संबंधित कार्डो का भी अवलोकन किया।



उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित कुपोषित बच्चो को एनआरसी में भेजकर सामान्य श्रेणी में लाया जाए।एनआरसी से छुट्टी मिलने के बाद भी ऑगनवाडी कार्यकर्ता इन बच्चो की नियमित मॉनीटरिंग करें तथा अभिभावको को उन्हें पोषण आहार एवं समय पर दवाएं खिलाने हेतु प्रेरित करें। निरीक्षण के दौरान ऑगनवाड़ी केंद्रो में संचालित की जाने वाली गतिविधियो की जानकारी बच्चो की माताओ से प्राप्त की। आंगनबाड़ी केंद्र के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता के समक्ष अपनी मासूम आवाज़ में गिनती सुनाई। कमिश्नर ने बच्चों की मासूमियत और आत्मविश्वास देख कर उनकी सराहना की और बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा बच्चो को टाफी भी वितरित की। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहपारू सुधीर दिनकर, सीडीपीओ श्रीमती सतवंत कौरहूरा, एपीओ मनोज मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 2 अक्टूबर को ग्राम सभाओं का आयोजन

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभा में वन विभाग, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग , सामाजिक न्याय विभाग, स्वच्छ भारत , मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, सहित अन्य विषयों में चर्चा की जाएगी। कलेक्टर ने प्रत्येक ग्राम सभा की समाप्ति तक ग्राम सभाओं का आयोजन के लिए अधिकारियों की ड्यूटी नोडल अधिकारी के रूप में लगाई है। नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि युवाओं के लिए शपथ का वाचन ग्राम सभा मे किया जाए ।

### राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत शिविर संपन्न



**उमरिया।** सेवा पखवाड़े के तहत जिला मुख्यालय के रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत एलिम्को द्वारा वरिष्ठ जनो को निशुल्क उपकरण प्रदाय हेतु परिक्षण शिविर संपन्न हुआ । शिविर के माध्यम से 55 वरिष्ठ जनो तथा 45 दिव्यांगजनों का परिक्षण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत जिले 17 सितंबर से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज एलिम्को के सहयोग से वरिष्ठ जनो को उपकरण वितरित किये जाने हेतु परिक्षण किया जा रहा है। परिक्षण उपरांत जिन्हें जिस उपकरण की जरूरत होगी, उन्हें निशुल्क प्रदाय किया जाएगा, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नही करना पड़े । सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि शिविर के माध्यम से वरिष्ठ जनो का चिन्हाकन किया जा रहा है, ततपश्चात उन्हें उपकरण वितरण किया जाएगा। उपकरण मिलने से वरिष्ठ जनो को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा। इस दौरान मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने स्टॉल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप संचालक सामाजिक न्याय अमन दुबे, सिविल सर्जन डॉ के सी सोनी, डॉ मुकुल तिवारी, मान सिंह, अखिलेश तिवारी, नीरज चंदानी, उपस्तीथ रहे । मंच संचालन सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कंचन तिवारी ने किया।

### बस स्टैंड उमरिया में शिकायत निवारण शिविर संपन्न

**उमरिया।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्थानीय बस स्टैंड में पी एम आवास योजना संबंधित शिकायत निरावरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों ने आवास योजना से जुड़ी अपनी समस्या साझा की जिसका निवारण किया गया। इसके साथ ही आवास योजना 2.0 का प्रचार प्रसार किया गया । आवास योजना 2.0 के आवेदन ऑनलाइन भरे जा रहे हैं। आवास योजनाएं 2.0 आई एस एस के तहत शासन द्वारा आवास योजना में मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी दी गई। शिविर में उपयंत्री देव कुमार गुप्ता, हरीशकांत, निशांत मिश्रा एवं अन्य नगर पालिका अमला उपस्थित रहा।

## अब दबंगई और राजनीतिक रसूख से कर रहे हैं कब्जे की कोशिश

### व्यापारी से 61 लाख लेकर रजिस्ट्री से मुकर गए आरोपी

# बुढार में जमीन सौदे का बड़ा घोटाला!

**शहडोल।** जिले के बुढार नगर में जमीन के सौदे को लेकर व्यापारी संजय डोडवानी के साथ बड़ा धोखा और षड्यंत्र सामने आया है। मामला अब इतना गंभीर हो चुका है कि पीड़ित ने न्याय के लिए अदालत की शरण ली है। आरोप है कि एक संगठित गिरोह ने पहले लाखों रुपये लेकर रजिस्ट्री का आश्वासन दिया, फिर राजनीतिक संरक्षण और गुंडागर्दी के दम पर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की।

#### भरोसे का दुरुपयोग

पीड़ित संजय डोडवानी, निवासी वार्ड क्रमांक 9 बुढार ने न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी बुढ़ार के समक्ष परिवाद प्रस्तुत करते हुए कहा है कि उन्होंने वर्ष 2021 में स्थानीय निवासी प्रेम नारायण उर्फ राजू प्रजापति और उसके परिजन से बुढार क्षेत्र की कीमती भूमि खरीदी थी। इस सौदे की नोटरी 10 मार्च 2021 को आनंद जैन के माध्यम से सीरियल नंबर 1011/2021 पर तस्दीक कराई गई थी। जमीन का सौदा 61 लाख रुपये में तय हुआ था, जिसमें से 35 लाख रुपये समय-समय पर अदा किए जा चुके थे। इस भुगतान की लिखित रसीद 16 जुलाई 2023 को प्रेम नारायण प्रजापति व उसके पिता स्व. भरतलाल प्रजापति के हस्ताक्षर से दी गई थी। इसके बाद शेष 26 लाख रुपये की अदायगी के लिए तीन चेक दिए गए, जिनकी रकम क्रमशः 10 लाख, 10 लाख और 6 लाख रुपये थी। दोनों पक्षों में यह सहमति बनी थी कि संपूर्ण भुगतान होने के बाद जमीन की रजिस्ट्री की जाएगी, लेकिन कुछ ही दिन बाद, आरोपियों ने चाल बदल दी। उन्होंने व्यापारी श्री डोडवानी के पास आकर कहा कि हमें आप पर भरोसा है, रजिस्ट्री में समय लगेगा, आप रजिस्ट्री के दिन ही राशि दे देना। इस विश्वास के आधार पर व्यापारी ने चेक वापस ले लिए, मगर बाद में आरोपी परिवार ने इसी भरोसे का दुरुपयोग किया।

#### धनबल-बाहुबल का उपयोग

भरतलाल प्रजापति की मृत्यु के बाद, व्यापारी का कहना है कि उसी समय से यह षड्यंत्र गहराया। उनके मुताबिक जितेन्द्र चांदवानी उर्फ जित्तू, जो उसी इलाके में दुकान संचालित करता है, उसने धनबल और बाहुबल का सहारा लेकर उक्त भूमि को खुद के नाम कराने की साजिश रची। उसने मृतक भरतलाल के उत्तराधिकारियों को लालच देकर अपने पक्ष में कर लिया और व्यापारी



संजय डोडवानी को धमकाने लगा।

#### व्यापारी को डराने का प्रयास

संजय का आरोप है कि जितेन्द्र चांदवानी ने राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल कर कहा अब यह जमीन मेरी दुकान के बगल में है, किसी भी हाल में मैं ही खरीदूंगा। तुम अपनी रकम लेकर किनारे हो जाओ, वरना तुम्हारा पैसा भी गया और जमीन भी। व्यापारी के मना करने पर दबाव, धमकी और छल की नई कहानी शुरू हुई। आरोपी ने राजनीतिक संपर्कों का फायदा उठाकर पीड़ित को डरा-धमकाकर सौदे से पीछे हटने के लिए विवश करने की कोशिश की।

#### जितेन्द्र ने रजिस्ट्री का किया दावा

फरवरी 2025 में आरोपियों ने फिर से रजिस्ट्री का झांसा देकर 15 लाख रुपये बैंक ट्रांसफर से मंगवाए और शेष 5 लाख रुपये नगद देने की बात कही। व्यापारी ने 13 फरवरी 2025 को चेक क्लीयरिंग की सूचना सभी आरोपियों को दी और अगले दिन रजिस्ट्री के लिए तैयार हुआ, मगर आरोपी पक्ष ने फोन उठाना बंद कर दिया। पीड़ित दिनभर चक्कर काटता रहा, लेकिन कोई सामने नहीं आया। दो दिन बाद जितेन्द्र चांदवानी ने यह घोषणा कर दी कि उसने 14 फरवरी 2025 की शाम को उसी जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली है और यह सब राजनीतिक मदद से संभव हुआ।

#### पुलिस ने की औपचारिकता

संजय डोडवानी ने कहा कि यह पूरी रजिस्ट्री एक बेनामी और काले धन से जुड़ा लेन-देन है, जिसकी रकम करीब 85 लाख रुपये तक बताई जा रही है। उन्होंने इस पूरे खेल की शिकायत पुलिस सहित एसपी, आईजी और डीजीपी भोपाल तक की, परंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस बीच आरोप है कि जितेन्द्र चांदवानी ने 60 से 70 बाहरी गुंडों को बुलाकर व्यापारी के घर और दुकान के पास उत्पात मचवाया। पूरी रात उनके परिवार को आतंकित किया गया, मारपीट और गाली-गलौज की गई, जबकि पुलिस बार-बार बुलाने के बावजूद केवल औपचारिकता निभाती रही। सीसीटीवी फुटेज में पूरी घटना कैद है, लेकिन स्थानीय थाना स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

#### जान से मारने की धमकी

पीड़ित ने कहा कि उसने महिला आयोग, मानवाधिकार आयोग और पुलिस के उच्चाधिकारियों तक शिकायत की, जिस पर प्रारंभिक जांच के निर्देश तो दिए गए, परंतु प्रभावशाली आरोपियों के कारण मामला दबा दिया गया। अब यह मामला अदालत की चौखट पर पहुंच चुका है। श्री डोडवानी ने अपने परिवाद में कहा है कि पुलिस के निष्क्रिय रवैये के कारण आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और उनके हौसले बुलंद हैं। वे लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और जमीन पर कब्जा करने की साजिश रच रहे हैं।

#### न्यायालय में लगाई गुहार

संजय डोडवानी ने अदालत से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा है कि यदि समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो आरोपी अपने इरादों को अंजाम दे सकते हैं। उन्होंने न्यायालय से अपने जान-माल की सुरक्षा और आरोपियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। बुढार में यह मामला अब जनचर्चा का विषय बन गया है, जहां एक व्यापारी ने विश्वास और कागजी अनुबंधों के आधार पर करोड़ों की डील की, मगर उसे छल, राजनीतिक दबाव और गुंडागर्दी का सामना करना पड़ रहा है।

## आदि कर्मयोगी अभियान को लेकर प्रशासन सक्रिय

### ग्रामों में बदलेगी विकास की रूपरेखा

**शहडोल।** जनपद पंचायत जयसिंहनगर के 130 ग्रामों में 24 से 28 सितंबर तक तथा द्वितीय चरण में नवीन चयनित 57 ग्रामों में 27 से 30 सितंबर तक आदि कर्मयोगी अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान आदरणीय कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जनजातीय समाज के सर्वांगीण उत्थान के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है।

अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तर पर कार्यरत सभी विभागों की टीमें घर-घर पहुंचकर सामाजिक एवं प्राकृतिक मानचित्र तैयार कर रही हैं। इससे ग्रामों की विकासात्मक रूपरेखा को नये स्वरूप में ढालने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। अभियान के सुचारू संचालन हेतु सभी ग्रामों में आदि सेवा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक सेवा केन्द्र के लिए एक-एक प्रभारी की नियुक्ति की गई है। ये केन्द्र प्रत्येक



शुक्रवार दोपहर 12 से 2 बजे तक खुले रहेंगे, जिसमें हितग्राही अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे और उनका शीघ्र निराकरण किया जाएगा।

पूरे कार्यक्रम की मॉनिटरिंग एसडीएम एवं जनपद पंचायत जयसिंहनगर की मुखिया काजोल सिंह, जनपद सीईओ शिवानी जैन, एपीओ अनुराग निगम सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण कर रहे हैं। खंड स्तरीय अधिकारी और अमला भी लगातार क्षेत्र भ्रमण कर अभियान की प्रगति पर नजर रखे हुए हैं। प्रशासन का मानना है कि इस अभियान के माध्यम से न केवल जनजातीय अंचल में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा, बल्कि ग्रामवासियों में आत्मनिर्भरता और जागरूकता की भावना भी मजबूत होगी।

## महोत्सव के चौथे दिन हाथियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**उमरिया।** क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व ने बताया कि हाथी महोत्सव के चौथे दिन हाथियों का स्वास्थ्य परीक्षण किंया गया । इस अवसर पर मुख्य रूप से हाथियों के भोजन के आनंद तथा उनके स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी गतिविधियों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व, उमरिया डॉ. अनुपम सहाय ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन हाथियों के लिए अलग-अलग गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं, जिससे उनकी संपूर्ण देखभाल के साथ-साथ उन्हें उत्साहित भी किया जा सके।हाथियों का स्वास्थ्य परीक्षण वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व तथा स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ़ फॉरेंसिक एंड हेल्थ, जबलपुर से आए डॉ. देवेंद्र और उनकी तीन सदस्यीय वन्य प्राणी विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। परीक्षण के दौरान हाथियों का रक्त, आंखों का



स्वाब, मल, मूत्र और सीरम के नमूने एकत्र किए गए। साथ ही हाथियों की शारीरिक नाप-जोख भी की गई। ये सभी नमूने आगे परीक्षण हेतु स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ़ फॉरेंसिक एंड हेल्थ, जबलपुर भेजे जाएंगे। इस गतिविधि का उद्देश्य हाथियों के स्वास्थ्य की देखभाल करना और संभावित बीमारियों की जानकारी जुटाकर उनका निदान सुनिश्चित करना है। स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत महावत तथा चारा कटर द्वारा हाथियों को स्नान कराकर तेल मालिश की गई तथा उन्हें कैम्प में उपस्थित सभी लोगो के द्वारा नारियल, गन्ना, केला, सेवफल, अमरूद, गुड़ और रोटियों का पौष्टिक आहार दिया गया। कार्यक्रम में हाथियों के संरक्षण और जागरूकता हेतु ताला से स्कूली बच्चे, इको विकास समिति मलहेरा के अध्यक्ष एवं सदस्य, जिप्सी एसोसिएशन, गाइड एवं होटल एसोसिएशन के सदस्य, ग्रामीणजन तथा वन्यप्राणी प्रेमी भी शामिल हुए। सभी ने हाथियों को फल-भोजन खिलाकर उनके प्रति प्यार को अभिव्यक्त किया।

चौथे दिवस के कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ अनुपम सहाय, क्षेत्र संचालक, बी. एस. उप्पल, सहायक संचालक मानपुर, दिलीप मराठा, सहायक संचालक ताला, राहुल किरार, परिक्षेत्र अधिकारी ताला, महावीर पांडेय, परिक्षेत्र अधिकारी कल्लवाह तथा उपस्थित समस्त वन कर्मचारियों द्वारा किया गया।

## जिला पंचायत परिसर में किया गया श्रमदान



**उमरिया।** प्रदेश शासन के आव्हान पर जिले में स्वच्छता सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा हैं । स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत जिला पंचायत परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल की उपस्थिति में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस दौरान परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल ने कहा कि स्वच्छता एक अच्छी आदत है जिसे हमें अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन के लिए अपनाना चाहिए। ये हमें मानसिक, शारिरिक, सामाजिक और बौद्धिक रूप से स्वस्थ रखता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सुखी जीवन की आधारशिला है, जो विभिन्न प्रकार की बीमारियों से भी बचाता है। सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा सरकार द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता और सफाई को बढ़ावा देने की एक पहल है। सभी नागरिक इस पखवाड़े से जुडक़र अपने आस पास साफ सफाई बनाएं रखे तथा कचरे का निपटान यथा स्थान पर ही करे ।स्वच्छता मनुष्य के जीवन का अहम हिस्सा है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ओम नारायण सिंह, जिला पंचायत के सदस्य, जिला समन्वयक स्वच्छता मनीषा कांड्रा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में युवा संगम रोजगार मेला सम्पन्न

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी अमन दुबे ने बताया कि जिला मुख्यालय उमरिया के रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया। उन्होंने बताया कि राल्या वर्क फोर्स में 33, एस बी आई क्रेडिट कार्ड , उत्कर्ष उमरिया में 12, एस बी आई इश्योरेंस उमरिया में 8 युवाओं को रोजगार दिया गया। स्वास्थ्य विभाग उमरिया द्वारा 64 लोगो की जांच की गई ।

## मां की आराधना में डूबे श्रद्धालु, पंचमी पर हुई विशेष पूजा-अर्चना

**हरिभूमि न्यूज कोतमा। मंदिरों में घंटी व शंख की गूंज से नगर व आसपास के क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। नगर-नगर, गांव-गांव, घर-घर में मां दुर्गा की नवरुपों की उपासना किया जा रहा है। शाम होते ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ लग रही है। शारदीय नवरात्र प्रारंभ होते ही लोगों में उत्साह व उमंग के साथ ही वातावरण में धार्मिकता का बोध होने लगा है। नवरात्र के पंचमी पर शनिवार को देवी मां की विशेष श्रृंगार के साथ विशेष पूजा अर्चना की गई। सभी वर्ग के लोग इन दिनों शक्ति की देवी मां जगत जननी की आराधना उपासना में जुटे हुए है।**

मंदिरों में घंटी व शंख की गूंज से कोतमा नगर सहित आसपास के क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। नगर-नगर, गांव-गांव, घर-घर में मां दुर्गा की नवरुपों की उपासना किया जा रहा है। शाम होते ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ लग रही है। मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। जगह जगह जगत जननी मां दुर्गा की जयकारा से पूरा वातावरण दुर्गोमय बना हुआ है। पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है। मां के दर्शन करने लोग मंदिरों में पहुंच रहे और मनोकामना पूर्ति की मन्नते मांग रहे हैं। मंदिरों में भक्तों का ताता लग रहा है। कोतमा नगर के प्रमुख मंदिर ठाकुर बाबा धाम स्थित कामेश्वरी माता मंदिर, शारदा काली मंदिर, पंचायती मंदिर, धर्मशाला मंदिर, बूढी माता मंदिर, गोहांड्रा स्थित काली मंदिर, गोविंद कॉलोनी दुर्गा मंदिर, पारसी धाम, निगवानी में मरखी माता, लहसुई के संतोषी माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराए हैं। वहीं गांवों में भी आस्था की ज्योति जल रही है।



### जगमगा रहे आस्था के ज्योति

गांव गांव के मंदिरों में ज्योति और जवारा स्थापित की गई है। वहीं ठाकुर बाबा धाम, पंचायती मंदिर, बूढी माता मंदिर में प्रतिवर्ष नवरात्री में श्रद्धालु आस्था की ज्योति प्रज्ज्वलित कराते हैं। श्रद्धालुओं के बीच यह आस्था वर्षों पूर्व से चली आ रही है। मां के दरबार पहुंचकर सच्चे मन से जो मन्नतें मांगी जाती है वह अवश्य पूरी होती है। यही वजह है कि नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। यहां नवरात्री पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। पंचमी होने के कारण दूर दराज से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। सुबह से ही मंदिरों में महिलाएं माता को जल चढ़ाने के लिए नंगे पांव मंदिर में पहुंचकर माता को जल चढ़ाते हुए विशेष पूजा अर्चना की।

### जस गीतों से गुज रहा गांव

नवरात्रि का पर्व प्रारंभ हो चुका है। ऐसे में श्रद्धालु मां की आराधना में डूबे हुए हैं। नगर सहित आस-पास गांवों के मंदिरों में जस गीतों की धुन गूंज रही है। नवरात्र के अवसर पर देवी मंदिरों में कथा, प्रवचन, देवी भागवत चल रही है। वहीं रात में ढोल, नगाड़े, झाज मंजीरे के साथ श्रद्धालु एकत्रित होकर जस गीतों के साथ मां की सेवा करते हैं। इससे पूरे नगर सहित कोयलांचल एवं गांव देवीमय माहौल में डुब जाता है। पुरुषों से लेकर महिलाएं व बच्चे भी भजन कीर्तन का आंनद लेते हैं। माता के मंदिरों में भक्त सुख समृद्धि बनाए रखने की कामना करते हैं।

### जगमगाया देवी मंदिर

नगर में तो एक ओर नवरात्र की धूम है। सभी मंदिरों में आस्था की ज्योति जल रही है। वहीं आस-पास के गांव भी पीछे नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में आस्था के जोत जल रही है। ग्रामीण अपने पारंपरिक तरीके से नवरात्र का पर्व मना रहे हैं। गांव में आज भी रात में अपने पुराने रिति रिवाज के साथ ढोल व झांझ मंजिरो के साथ मां की गुणगान जसगीतो के साथ करते हैं।

### शक्ति की भक्ति

नवरात्र में भक्त माता की भक्ति में लीन है। मन्नते पूरी होने पर घर से बाजे गाजे के साथ दंडवत करते हुए महिलाएं पुरुष माता के दरबार तक बैंड बाजों के साथ पहुंच रहे हैं। लोगों का कहना है कि माता की भक्ति में ही शक्ति मिलती है।

## दुर्गा पूजा समितियों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष व थाना प्रभारी ने की बैठक

### शासन के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए आयोजन करने पर हुई बातचीत

**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** नगर पालिका परिषद पसान क्षेत्र के अंतर्गत जमुना भालूमाडा पसान के समस्त दुर्गा पूजा समितियो के अध्यक्ष महामंत्री एवं सदस्यों के साथ 26 सितंबर को नगर पालिका परिषद पसान में नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशांक आर्मो, थाना प्रभारी संजय खलको, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह एवं पार्षदों की उपस्थिति में चल रहे धार्मिक आयोजन को लेकर चर्चा की गई बैठक में उपस्थित दुर्गा पूजा कमेटियों को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह ने कहा कि शासन की दिशा निर्देशों का हम सभी को पालन करना है दुर्गा पूजा पंडाल में किसी प्रकार की कोई अभद्रता ना हो धार्मिक आयोजन में नशे से दूर रहें। विसर्जन के दौरान वाद विवाद की स्थिति निर्मित ना हो और अश्लील गीतों की प्रस्तुतीकरण ना हो। राम अवध सिंह ने पंडाल में साफ सफाई से लेकर अन्य व्यवस्थाओं की पूर्ति करने का भरोसा दिया और समय पर मूर्ति विसर्जन करने की अपील की। थाना प्रभारी भालूमाडा संजय खलको ने बैठक में उपस्थित पूजा समितियों के सभी सदस्यों से आग्रह किया की चल रहे धार्मिक आयोजन में शांति व्यवस्था सभी लोग बनाए रखें शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप ध्वनि का इस्तेमाल करें अश्लील गीतों और नशे से दूर रहें भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि पूरी श्रद्धा के साथ हम सभी मां दुर्गा की आराधना कर रहे हैं और अंतिम समय में अश्लील गीतों की प्रस्तुति करके पूरे धार्मिक आयोजन पर पानी फेर देते हैं इससे हमारे सनातन संस्कृति पर चोट पहुंच रही है। पंडाल के सभी अध्यक्ष महामंत्री इस बात पर ध्यान दें की धार्मिक आयोजन में किसी प्रकार की अश्लील गीतों का प्रयोग नहीं किया जाएगा और शांतिपूर्ण ढंग से सभी लोग धार्मिक आयोजन को संपन्न करें। उपस्थित समस्त दुर्गा पंडाल के अध्यक्ष और महामंत्री तथा सदस्यों ने बैठक में सर्वसम्मत से निर्णय लिया कि शासन के दिशा निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन किया जाएगा।



## बाल विवाह को पूरी तरह खत्म करने के लिए गांव-गांव तक लोगों में जागरूकता का प्रसार जरूरी- सुशील कुमार शर्मा

**हरिभूमि न्यूज कोतमा। बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर रहे जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एंड डेवेलपमेंट हार्ड ने जिला प्रशासन, पंचायतों और सामुदायिक सदस्यों के साथ समन्वय से काम करते हुए पिछले वर्षों में जिले में बाल विवाह रुकवाए हैं।**

इस रिपोर्ट को जेआरसी के सहयोगी संगठन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की पहल पर सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंड बिहैवियरल चेंज फॉर चिल्ड्रेन सी-लैब ने तैयार किया है। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन जेआरसी 250 से भी ज्यादा नागरिक समाज संगठनों का देश का सबसे बड़ा नेटवर्क है। यह बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए देश के 451 जिलों में काम कर रहा है। होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एंड डेवेलपमेंट हार्ड के प्रमुख सुशील कुमार शर्मा ने कहा, बाल विवाह के खात्मे के लिए अपने जिले में हम अग्रिम मोर्चे पर हैं और सरकार, प्रशासन व समुदायों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हमारा हर कदम उस भविष्य की ओर ले जाता है जहां हर बच्चे को पढ़ने की सुविधा मिले और वह बड़ा होकर वो बने जो वो बनना चाहता है। यह रिपोर्ट इस बात पर मुहर लगाती है कि शिक्षा, जागरूकता व कानूनी हस्तक्षेप 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए सबसे कारगर हैं। सर्वे में हिस्सा लेने वाले 99 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्होंने मुख्यतः गैरसरकारी संगठनों के जागरूकता अभियानों, स्कूलों व पंचायतों के जरिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में सुना या जाना है। रिपोर्ट इस तथ्य को उजागर करती है कि 2024 में शुरू हुए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में गैर सरकारी संगठनों की सबसे अहम भूमिका रही है। बाल विवाह के समाप्ति के लिए भारतीय मॉडल में विश्वास जताते हुए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के राष्ट्रीय संयोजक रविकांत ने कहा, सर्वे के निष्कर्ष हम लोगों को प्रेरित करने वाले हैं। ये निष्कर्ष बताते हैं कि रोकथाम, सुरक्षा व अभियोजन का हमारा मॉडल लोगों में कानून का भय पैदा करने में सफल हुआ है और हम पूरे देश में इसके फायदे दिख रहे हैं। हम आश्वस्त हैं कि अगर हमने सरकार, प्रशासन, पुलिस, सामुदायिक कार्यकर्ताओं और पंचायतों के साथ इसी तरह अपने समन्वित प्रयास जारी रखे तो भारत निश्चित रूप से 2030 तक बाल विवाह के खात्मे का लक्ष्य हासिल कर लेगा। रिपोर्ट की मुख्य सिफारिशों में कहा गया है कि यदि बाल विवाह को 2030 तक पूरी तरह खत्म करना है तो कानून का कड़ाई से पालन, बेहतर रिपोर्टिंग व्यवस्था, विवाह का अनिवार्य पंजीकरण और बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल के बारे में गांव-गांव तक लोगों में जागरूकता का प्रसार जरूरी है। साथ ही रिपोर्ट ने बाल विवाह मुक्त भारत के सपने को जल्द साकार करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक दिन निर्धारित करने का सिफारिश भी की है। यह रिपोर्ट देश के पांच राज्यों के 757 गांवों से जुटाए गए आंकड़ों पर आधारित है। सर्वे के लिए इन सभी राज्यों व गांवों का इस तरह क्षेत्रवार तरीके से चयन किया गया कि वे देश के विविधता भरे सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भों को परिलक्षित कर सकें। बहुचरणीय स्तरीकृत सांयोगिक नमूना मल्टीस्टेज स्ट्रैटिफाइड रैंडम सेंपलिंग पद्धति पर आधारित इस सर्वे में गांवों के आंकड़े जुटाने के लिए सबसे पहले आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूल शिक्षकों, सहायक नर्सों, दाइयों और पंचायत सदस्यों जैसे अग्रिम पंक्ति के लोगों से ग्राम स्तर पर आंकड़े जुटाने के लिए संपर्क किया गया।



## खबर संक्षेप

### सेवा निवृत्त शिक्षक की पत्नी के गले से दिनदहाड़े लूट



**बुढार।** शनिवार को सुबह लगभग साढ़े ग्यारह बजे सेवा निवृत्त शिक्षक की पत्नी सब्जी लेने बाजार गई हुई थी इसी बीच दो वाइक सवार अज्ञात युवकों ने गले से छपट कर सोने की चैन भाग गये और पुलिस नगर में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से लुटेरों के साक्ष जूटा रहीं हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि सेवा निवृत्त शिक्षक अवधेश नामदेव की पत्नी विमला देवी उम्र 66 वर्ष ने इस आशय की शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वर्ष 2014 में उन्हें सोने की चैन गिफ्ट में मिली थी जिसे हमेशा की तरह पहनकर 27 सितंबर को सब्जी लेने बाजार गई थी और किसी अज्ञात युवकों ने गले से चैन को झपटकर भाग गए पुलिस ने चैन की कीमत लगभग 60 हजार से 90 हजार आंकी है। पुलिस ने अज्ञात वाइक सवार दो युवकों पर बीएन एस की धारा 304(2) का मामला दर्ज कर पतासाजी में जूटी है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न



**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर डॉ व्ही एस चंदेल ने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत विकासखंड पाली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विषय विशेषज्ञ चिकित्सको की उपस्थिति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । शिविर के माध्यम से निशुल्क जांच की गई। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तर पर महिलाएं एवं किशोरियों को योजना बनाकर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पदस्थ चिकित्सा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एएनएम द्वारा परामर्श जांच उपचार एवं दवाइयां का वितरण कर लाभ दिया जा रहा है आज के शिविर में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पी एल सागर , अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एन एल रोहिल्ला, डॉक्टर एस के निपाने ब्लॉक कार्यकर्म प्रबंधक जियाउद्दीन खान राम स्नेहा विश्वकर्मा नर्सिंग ऑफिसर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वदेशी को अपनाना है भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है: डॉ सोंदिया

**उमरिया।** स्वदेशी जागरूकता अभियान 2025 के अंतर्गत शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में स्वदेशी की अवधारणा एवं विकसित भारत विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं परिचर्चा का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सी बी सोदिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया स स्वदेशी जागरूकता सप्ताह का आयोजन महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत किया जा रहा है । प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ नियाज अहमद अंसारी एवं निशी कर्ण सहा प्राध्यापक इतिहास द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वदेशी की अवधारणा विषय पर संवाद किया । निबंध लेखन प्रतियोगिता डॉ जुगल किशोर हिंदी विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित की गई । कार्यक्रम का संचालन डॉ राजीव तिवारी द्वारा एवं आयोजन में उदित नारायण एवं श्री सुनील हिरवे,डॉ रश्मि साकेत का विशेष योगदान रहा । निबंध प्रतियोगिता में बीए ,बीएससी बीकॉम के सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया । जिसमें सर्वश्रेष्ठ सात निबंधो में कविता साहू प्रथम, दीपिका सिंह द्वितीय एवं ऊषा उइके तृतीय निबंधों को पुरस्कृत करने का प्रकोष्ठ द्वारा घोषणा की गई स प्रतियोगिता में मनीष सिंह बरखा सोदिया,पूजा सिंह राठौर , प्रिया गुप्ता ,उदय भान सिंह ने उत्कृष्ट लेखन किया।

# मां कात्यायनी की पूजा से गूंजे मंदिर व पंडाल

**नगर में भक्तिभाव का उमड़ा सैलाब**

### नवरात्र पर्व दस दिन तक चलेगा

**धनपुरी। शारदेय नवरात्रि के छठवें दिन शनिवार को मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी का पूजन श्रद्धा और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बड़े ही भव्य रूप से संपन्न हुआ। नगर के वार्डों सहित ग्रामीण अंचलों में स्थित मंदिरों और पूजा पंडालों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। भक्तों ने माता रानी की पूजा-अर्चना, कथा श्रवण और परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना की।**



### मां कात्यायनी का स्वरूप और महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि के छठे दिन मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की आराधना की जाती है। पुराणों में वर्णित है कि महर्षि कात्यायन की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर देवी ने उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया था, इसलिए इन्हें कात्यायनी कहा जाता है। मां कात्यायनी का वाहन सिंह है और वे चार भुजाओं वाली हैं। उनके एक हाथ में तलवार और दूसरे में कमल है, जबकि अन्य दो भुजाएं वरमुद्रा और अभयमुद्रा में रहती हैं। मां कात्यायनी की पूजा से दांपत्य जीवन में सुख-शांति आती है और अविवाहित कन्याओं को उत्तम वर प्राप्त होता है। इन्हें अष्टमाहेश्वरी भी कहा जाता है और इनकी कृपा से शत्रुओं का नाश होता है।

### नगर के पंडालों में उत्सव की छटा

नगर में विभिन्न समितियों द्वारा स्थापित पंडालों में आकर्षक साज-सज्जा की गई है। नगर दुर्गा उत्सव समिति बाजार रंगमंच, नव जागृति समिति, जय मां अम्बे समिति एक नंबर कैंप, धनपुरी नंबर 3 कंपलेक्स, अमलाई चौक, चीप हाउस, मढ़िया मंदिर और धनपुरी नंबर 4 में भव्य प्रतिमाएं और झांकियां भक्तों को आकर्षित कर रही हैं। संगीतमय भजनों और आरतियों के बीच श्रद्धालु झूमकर माता की आराधना में लीन हो रहे हैं। विजयादशमी के दिन अपराजिता पूजन, राजचिह्न पूजन और नीलकंठ पक्षी दर्शन का विशेष महत्व रहेगा।

### भक्तिमय वातावरण

नगर और आसपास के मोहल्लों में मां दुर्गा की प्रतिमा भी स्थापित की गई है। यहां प्रतिदिन संगीतमय आरतियों और भजन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। वातावरण ₹जय माता दी₹ के जयकारों से गूंज रहा है और भक्त भक्ति रस में सराबोर हैं।









# भूमिगत खदान में लगेगी सीएम मशीन

### नवंबर से शुरू होगा कोयला उत्पादन

**धनपुरी। एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की सबसे चर्चित खदानों में से एक राजेंद्र भूमिगत माइंस में आखिरकार वह दिन करीब आ गया है, जिसका श्रमिक और प्रबंधन वर्षों से इंतजार कर रहे थे। यहां कंटीन्यूस माइनर (सीएम) मशीन लगाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मशीन के कलपुर्जे माइंस परिसर में पहुँच गए हैं और विशेषज्ञ मैकेनिक उन्हें दुरुस्त करने में जुटे हुए हैं। माना जा रहा है कि नवंबर माह से इस मशीन से कोयले का उत्पादन शुरू हो जाएगा।**

### तीन दशक बाद लौटेगी पुरानी रौनक

राजेंद्रा खदान में करीब 30 साल पहले लॉगवाल पद्धति से प्रतिदिन पाँच हजार टन तक कोयला निकलता था। उस समय चीन के तकनीशियन मशीन का संचालन करते थे। उनके लौट जाने के बाद खदान का उत्पादन लगातार घटता गया और अंततः बंद हो गया। पुरानी पद्धति से कोयला निकाला जाता रहा है।अब सीएम मशीन के लगने से खदान की पुरानी चमक लौटने की उम्मीद है।

### 3 लाख टन लक्ष्य, आधे से ज्यादा शेष

राजेंद्रा माइंस को इस वित्तीय वर्ष में 3 लाख टन वार्षिक लक्ष्य दिया गया है। अभी तक करीब 70 हजार टन कोयला ही निकल पाया है। शेष लक्ष्य को पूरा करने के लिए सीएम मशीन से उत्पादन बढ़ाना आवश्यक है। प्रबंधन का कहना है कि इस बार लक्ष्य पूरा करने में कोई कठिनाई नहीं होगी।

### श्रमिकों में उत्साह

माइंस परिसर में फिलहाल मशीन के विशाल पार्ट्स रखे हैं, जिन पर फिटिंग का काम चल रहा है। श्रमिकों का कहना है कि सालों से सीएम मशीन लगाने की मांग हो रही थी। नवंबर में मशीन शुरू होते ही खदान में नई ऊर्जा का संचार होगा।

### अधिकारियों की पहल रंग लाई

राजेंद्रा व खैरहा माइंस के उपक्षेत्रीय प्रबंधक बी. हरी बाबू, खान प्रबंधक बी. बाला कृष्णा और सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक की मेहनत रंग लाई है। अब यह मशीन न केवल राजेंद्रा माइंस के लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेगी बल्कि सोहागपुर क्षेत्र को मिले 70 लाख टन वार्षिक टारगेट को हासिल करने में भी बड़ा सहयोग देगी।

# बिरसा मुंडा संकुल स्तरीय संघ की वार्षिक आम सभा सम्पन्न



**उमरिया।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन करकेली के बिरसा मुंडा संकुल स्तरीय संघ की वार्षिक आम सभा सम्पन्न हुई । इस अवसर पर संकुल में शामिल 28 गांव की स्व सहायता समूह की दीदी उपस्थित रही । आम सभा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य संकुल स्तर पर हो रही गतिविधियां और विभिन्न ग्राम संगठन को प्रदाय किए जाने वाले वित्त का पूरा लेखा जोखा सभी सदस्यों के सम्मुख प्रस्तुत करना था,बिरसा मुंडा संकुल को प्रदेश शासन से प्राप्त 70 लाख सामुदायिक निधि राशि के रूप में प्राप्त हुए थे जिसे 19 ग्राम संगठन को वितरित किया गया । लगभग 2 लाख का व्याज भी प्रदाय किया गया। मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन द्वारा संचालित संघ बिरसा मुंडा संकुल में कुल 28 गांव की 419 समूह की दीदी जुड़ी हुए हुई है जो कि समूह से पैसे ले कर अलग अलग व्यवसाय का संचालन कर रही है जिसमें ,कपड़ा दुकान ,किराना दुकान आटा चक्की, ऑनलाइन का कार्य,मुर्गी पालन,बकरी पालन ,जैविक खाद ,जैविक कीटनाशक दवाओं का निर्माण कार्य कर रही है । स्व सहायता समूह की महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए । संकुल में संचालित 83 स्व सहायता समूहों को सेंट्रल बैंक पिनौरा द्वारा इस वित्तीय वर्ष में 3 करोड़ 52 लाख 65 हजार के नकद साख सीमा का ऋण वितरित कर अपनी महत्व पूर्ण भूमिका प्रदान की गए। इस अवसर पर जनपद पंचायत करकेली सी ईओ हरनीत कौर कलसी ,जिला पंचायत से तृप्ति गर्ग जिला प्रबंधक ,सेंट्रल बैंक से शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार,विकाश खंड प्रबंधक मनीष देव श्रीवास्तव के साथ ,नॉन बाई संकुल अध्यक्ष,मंजू सिंह सचिव,इंद्रावती बाई कोषाध्यक्ष के साथ बुक कीपर माया कोरी , आरती,प्रणिता और विभिन्न गांव से आई हुए समूह की दीदी उपस्थित रही।

# उद्यमिता जागरूकता की कार्यशाला संपन्न

**उमरिया।** महा प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उमरिया में उद्यमिता जागरूकता अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उमरिया के छात्र छात्राओं को मध्यप्रदेश स्टार्टअप पॉलिसी 2025 एवं मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई।

इसी तारतम्य में विभागीय निर्देशों के अनुरूप औद्योगिक क्षेत्र बडवार तहसील चंदिया जिला उमरिया में प्लास्टिक ग्रेन्युअल्स निर्माण की इकाई स्थापित करने हेतु मेसर्स हिन्दुस्तान पॉलिमर्स



उमरिया(भागीदारी फर्म जिसमें दो महिला भागीदार एवं एक पुरूष भागीदार है) को भूखण्ड क्रमांक 25 के आवंटन हेतु लेटर ऑफ इंटेंट जारी किया गया। साथ ही स्वच्छता सेवा पखवाडा अतर्गत कार्यालयीन अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा कार्यालय भवन की साफ-सफाई की गई।कार्यशाला में अंकित कुमार सिंह, प्रबंधक, अमन कुमार दुबे, प्रबंधक एवं दीपक गुप्ता सहायक प्रबंधक तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उमरिया की ओर से प्राचार्य व्ही एन वर्मा, प्रभात रंजन वर्मा, ट्रेनिग आफीसर एवं अन्य कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 14 गांजा पौधे सहित आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम में बड़ी सफलता हासिल की है। 26 सितंबर को ग्राम मसिरा बनचाचर तिराहा के पास विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि विष्णु कुशवाहा उम्र 62 वर्ष निवासी ग्राम डोंगरीटोल, अपने घर के पीछे अवैध रूप से गांजा की खेती कर रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने आरोपी के घर दबिश दी। मौके पर आरोपी को पकड़ते हुए उसके कब्जे से कुल 14 गांजा के पौधे, कुल वजन लगभग 30 किलोग्राम और अनुमानित मूल्य लगभग 1,50,000 बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने मादक पदार्थ का सेवन और अवैध विक्रय करने की बात स्वीकार की। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। जप्त सामग्री पुलिस अभिरक्षा में सुरक्षित रखी गई। यह कार्यवाही थाना प्रभारी अजय कुमार बैगा के नेतृत्व में हुई, जिसमें जीवन सिंह तेकाम, मोहितलाल सोनवानी, राजकुमार जायसवाल, विजय सिंह, लवकेश सिंह राठौर, चिरंजीव चौधरी, उदयभान सिंह और महिला आरक्षक प्यारी की भूमिका रही।

## नशीली दवा बिक्री करते हुए आरोपी को किया गिरफ्तार



**शहडोल।** जिले के देवलोंद थाना पुलिस ने नशीली दवा आनरेक्स कफ सिरप की अवैध बिक्री रोकने में सफलता हासिल की है। 26 सितंबर को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने राजेश गुप्ता उम्र 43 वर्ष निवासी सोसायटी चौक बुड़वा अपने होटल शिवम स्वीट्स में अवैध नशीली दवा छुपाकर रखने के आरोप में गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 15 शीशी आनरेक्स कफ सिरप बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 2,925 है, साथ ही 1 मोबाइल भी जब्त किया गया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि यह दवा नंदू उर्फ मुकेश जायसवाल द्वारा सप्लाई की जाती थी। कार्यवाही थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुभाष दुबे के नेतृत्व में की गई, जिसमें हरिभान सिंह, इन्द्रलाल पुरी, दिनेश शुक्ला, अभिषेक तिवारी और चित्रांशु शुक्ला की भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई देवलोंद पुलिस की नशीली दवाओं के खिलाफ सतत मुहिम का उदाहरण है।

## स्वच्छता अभियान की खुली रही पोल, जगह-जगह फैल रहा कचरा







**ब्यौहारी।** नगर परिषद के अंतर्गत लोग का डिवाइडर और सड़कों में कचरा फेंक रहे हैं हद तो तब हो गई जब लोग कचरा उठने के बाद भी सड़कों में बड़े आराम से कचरा फेंक देते उन्हें नगर प्रशासन को कोई डर नहीं नगर प्रशासन सिर्फ़ चेतावनी तक सीमित है और किसी के ऊपर भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की वार्ड नंबर 15 में खरियान मोहल्ला में खंभे के पास वहीं पास के लोग कचरा उठने के बाद भी लगातार कचरा फेंकते रहते हैं लेकिन आज तक नगर पालिका द्वारा उन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हुए असहांय।- इस बात की जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी शरद गौतम को दी गई तो उन्होंने कहा मैं क्या कर सकता हूं जबकि उनको मौके पर स्वच्छता निरीक्षक और अपनी टीम के साथ पहुंचकर लोगों को हिदायत देना चाहिए जब नगर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी का ये हाल है तो नगर कैसे स्वच्छ रह पाएगा। - डिवाइडर में भी फेंक रहे कचरा- नगर में यूनियन बैंक के पास मुख्य बाजार में डिवाइडरों पर भी खुलेआम कचरा फेंका जा रहा लेकिन नगर पालिका द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रहा जबकि डिवाइडर में कचरा फेके जाने के कारण बेसहारा मवेशी जब उसे खाने को दौड़ते हैं तो तेज गति से आ रहे हैं हाईवा उसको ठोक देते इस तरह से प्रतिदिन गाय दुर्घटनाग्रस्त होती है लेकिन नगरपालिका के कानों में जूं नहीं रेगती । कलेक्टर के निर्देशों की अबेहलना- मुख्य नगर पालिका अधिकारी का काम होता है कि सुबह शाम नगर के भ्रमण पर निकलना और लोगों की कचरा नाली साफ सफाई संबंधित समस्याओं का निदान करना लेकिन उनके द्वारा आज तक नगर का भृमण नहीं किया गया। कलेक्टर के आदेश को भी नहीं मानते मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर द्वारा यह निर्देश दिया जाता है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी स्वयं अपने नगरीय निकाय में साफ सफाई के ध्यान रखें इसके बावजूद भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता क्षेत्र वासियों ने मुख्यमंत्री कमिश्नर एवं कलेक्टर नगर पालिका अधिकारी को ब्यौहारी- से हटाए जाने की मांग की है ।

# अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को पहुंचाएं योजनाओं का लाभः आयुक्त

### कमिश्नर ने आदि कर्मयोगी सेवा केंद्र देवदहा का फीता काटकर किया शुभारंभ



**शहडोल।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने जनपद पंचायत गोहपारु के ग्राम पंचायत देवदहा में बनाए गए आदि कर्मयोगी सेवा केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। कमिश्नर ने आदि कर्मयोगी सेवा केंद्र के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनजातीय समाज के उत्थान एवं सामाजिक एवं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उददेश्य से धरती आबा, आदि कर्मयोगी, अभियान शुरू किया गया है। आदि कर्मयोगी अभियान एक रिस्पोंसिव गवर्नेश प्रोग्राम जो कि भारत सरकार जनजातीय मंत्रालय के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। आदि कर्मयोगी अभियान का उददेश्य केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओ लाभ दिलाते हुए जनजातीय समुदाय के लोगो को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोगो को सशक्त बनाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान के तहत मैदानी अधिकारी, कर्मचारी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि योजनाओ का अंतिम छोर तक के हर पात्र व्यक्तियो तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प 2047 के दृष्टिगत जनजातीय समुदाय के सम्पूण विकास करते हुये उन्हे विकसित भारत की संकल्पना के साथ जोडना है। कमिश्र ने क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण दल के साथ ग्राम स्तरीय फंटलाईन वर्कर से उनके द्वारा बनाई जा रही ग्राम विजन प्लान के संबंध में जानकारी ली गई।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान अंर्तगत पूरे देश में 20 लाख समर्पित कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षित किया गया है। मध्यप्रदेश में 3 लाख समर्पित कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षित किया गया है। शहडोल जिले मंय 590 ग्रामो में लगभग 10 हजार समर्पित कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य था जिसे पूर्ण कर प्रशिक्षित कर दिया गया है।

आदि कर्मयोगी अभियान के ब्लाक नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहपारु श्री सुधीर कुमार दिनकर ने बताया कि आदि सेवा केन्द्र देवदहा में आदि सेवा केन्द्र प्रभारी नियुक्ति करते हुये सेवा केन्द्र खोलने का दिन प्रत्येक गुरुवार निर्धारित किया गया है जिसमे आदि सेवा केन्द्र प्रभारी नितिन यादव ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत देवदहा उपस्थित होकर आने वाले लोगो की समस्याओ को सेवा केन्द्र ने संधारित पंजी में आवेदन का पंजीयन कर समस्याओ का समाधान करेंगे।

आदि कर्मयोगी अभियान के ब्लाक प्रशिक्षक (बीएमटी) श्री मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि ग्राम पंचायत देवदहा के ग्राम देवदहा को विकसित करने हेतु गोद लिया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम देवदहा की कुल जनसंख्या 1806 है जिसमें कुल 493 परिवार निवासरत है जिनमें 389 परिवार बैगा जनजातीय के, 43 परिवार गोड जनजाति, 62 परिवार पिछडा वर्ग तथा 5 समान्य वर्ग के परिवार निवासरत है। ग्राम देवदहा में 435 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास प्रदाय किया गया है जिसमे 218 जनमन योजनांतर्गत जनजातीय परिवारो को आवास प्रदाय किया गया है जिसमे 272 अति पिछडा अंत्योदय परिवार है तथा मनरेगा योजनानार्गत 393 जॉबकार्ड धारी श्रमिक के रूप मे पंजीकृत है।

आदि सेवा केन्द्र के शुभारभ अवसर पर नीरज गुप्ता आदि कर्मयोगी ब्लाक प्रशिक्षक (बीएमटी) द्वारा समाजिक एवं संसाधन मानचित्र की रंगोली भी बनाई गई। इस अवसर पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ललित कुमार पाण्डेय, बीएसी गोहपारु विजय सिंह, प्रशान्त लगरखा सहायक यंत्री जनपद पंचायत गोहपारु, श्रीमती रजनी परस्ते उपयत्री जनपद पंचायत गोहपारु, सरपंच शेषराम बैगा, सचिव रावेन्द्र सिंह, ग्राम रोजगार सहायक श्री नितिन यादव, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## रेड रिबन क्लब के अंतर्गत महाविद्यालय ब्यौहारी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**ब्यौहारी।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय ब्यौहारी में रेड रिबन क्लब के अंतर्गत दिनांक 26/09/2025 को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, साथ ही एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ आर पी कुशवाहा एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सक डॉ. मौसमी गुप्ता, खंड प्रोगाम अधिकारी श्री डी. पी. भूर्टिया एंव अन्य स्वास्थ्य सहायक विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण की जांच की गई । रेड रिबन क्लब का मुख्य उद्देश्य युवाओं को जाँच, सुरक्षित जीवनशैली,



एचआईवी/एड्स, यौन संचारित रोग (STD), हेपेटाइटिस-बी एवं सी, एनीमिया, टीबी (क्षय रोग) तथा नशे की लत जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करना है। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि समय पर संतुलित आहार एवं जागरूकता ही इन बीमारियों से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को विशेष रूप से एचआईवी/एड्स के संक्रमण के कारण, लक्षण, बचाव के तरीके तथा सामाजिक भ्रांतियों के विषय में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें रक्तदान के महत्व एवं स्वास्थ्य परीक्षण की नियमितता पर भी जागरूक किया गया।

### महाविद्यालय के प्राचार्य ने छीन लिया आठ लोगों का रोजगार

# जैतहरी महाविद्यालय में महिला प्राचार्य की मनमानी

**नियमों का हवाला देकर आठ लोगों को किया बेरोजगार**

**चहेतों का रोजगार बरकरार बाकी लोग हो गए बेकार**




**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जैतहरी महाविद्यालय में पदस्थ आउटसोर्स कर्मचारी ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए बताया कि महाविद्यालय में पदस्थ महिला प्राचार्य संगीता ऊईके जब से प्राचार्य का दायित्व संभाली हैं तब से उनकी मनमानी कर्मचारी विरोधी गतिविधि बढ़ती ही जा रही है। नतीजतन स्थिति यह पहुंच गई की महिला प्राचार्य होने का फायदा उठाते हुए कर्मचारियों को अब शब्द कहने के साथ-साथ उन्हें परेशान करना और इसके पश्चात बिना नोटिस के ही उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया है। इसके पश्चात परेशान आठ कर्मचारियों ने अपनी समस्या को लेकर अनूपपुर कलेक्टर में शिकायत की है लेकिन शिकायत के बाद भी अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है जिस कारण से यह सभी बाहर हुए आठ कर्मचारी रोजगार के लिए परेशान है और अपने परिवार का पालन पोषण कैसे करेंगे इस बात को लेकर दर-दर भटक रहे है।

### बिना सूचना नोटिस के किया बाहर

बाहर हुए कर्मचारियों ने अपनी शिकायत में बताया कि प्रभारी प्राचार्य के द्वारा बिना सूचना के ही उनको महाविद्यालय से बाहर कर दिया गया है उन्होंने बताया कि वह 9 सितंबर 2024 से महाविद्यालय में निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। लेकिन जब से प्रभारी प्राचार्य ने अपना दायित्व संभाला है तब से वह लगातार उन सभी कर्मचारियों को परेशान कर रही है और उन्हें बातों ही बातों में मौखिक रूप से प्रताड़ति करने के साथ-साथ उन्हें बाहर निकालने की धमकी दी जाती थी और दिनांक 30 सितंबर 2025 को मौखिक रूप से प्राचार्य के द्वारा सभी कर्मचारियों को महाविद्यालय में ना आने के लिए मना कर दिया।

### कंपनी के कर्मचारियों पर प्राचार्य का दबाव

बाहर हुए कर्मचारियों ने बताया कि हम सब की नियुक्ति उद्यमिता विकास केंद्र भोपाल के द्वारा किया गया लेकिन प्राचार्य अपने कुछ पसंदीदा कर्मचारियों को महाविद्यालय में लगातार सेवाएं देने के लिए अनुमति दे दी हैं लेकिन हम आठ कर्मचारियों को बिना किसी सूचना और करण के ही बाहर कर दिया गया है ना तो हमें किसी प्रकार की सूचना दी गई और ना ही नोटिस दिया गया ऐसे में हमें बाहर करने के पश्चात हमारे सामने परिवार की पूर्ण जिम्मेदारी और अपने परिवार का पालन पोषण करने की समस्या सामने आ खड़ी हुई है।




### चहेतो को रखा बाकी को किया बाहर

इतना ही नहीं प्रभारी प्राचार्य ने सार्थक ऐप में कर्मचारियों का डाटा भी डिलीट कर दिया है जिससे वह अपनी ऑनलाइन उपस्थिति भी नहीं दर्ज कर पा रहे हैं साथ ही कर्मचारियो ने बताया कि हम अपना काम पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा के साथ करते आए हैं लेकिन प्रभारी प्राचार्य द्वारा हमें मौखिक रूप से बाहर कर दिया गया उनका कहना है कि आप हमारे यहां के कर्मचारी नहीं हो और मैं यहां प्राचार्य हूं जो चाहूंगी वही करूंगी। आप लोगों को जो करना है जहां शिकायत करनी है आप जाकर कर सकते हैं। वही प्रभारी प्राचार्य के द्वारा लगभग सात कर्मचारियों को अभी भी महाविद्यालय रखे हुए हैं और उनके ऊपर ना तो कंपनी का नोटिस और ना ही प्राचार्य का कोई दबाव है जिससे साफ होता है कि यह प्राचार्य के चहेते हैं या फिर इन पर प्राचार्य का आशीर्वाद बना हुआ है। जब 15 कर्मचारी कंपनी के थे तो फिर आठ कर्मचारी ही बाहर क्यों हुए और सात को क्यों सेवा में रखा गया है। बाहर हुए ऑठो कर्मचारियों ने 23 सितंबर 2025 को जनसुनवाई के माध्यम से अपना आवेदन भी दिया लेकिन आज दिनांक तक इस पर किसी प्रकार की सुनवाई और कार्रवाई नहीं हुई है जिस कारण से सभी कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान है उनके समक्ष अपने परिवार के पालन पोषण की समस्या खड़ी हो गई है और वह लगातार शासन प्रशासन से अपनी समस्या को लेकर गुहार लगा रहे हैं।

### इनका कहना है

मैंने कंपनी को पत्राचार किया था कंपनी ने कोई जवाब नहीं दिया जिस कारण से मैंने इनको बाहर किया है।

**संगीता उईके**
प्रभारी प्राचार्य जैतहरी महाविद्यालय



## बम्हनी व धनगंवा में किया गया विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

श्रीमती माया विश्वलाल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर के निर्देशानुसार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय/शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम बम्हनी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनगंवा ग्राम में क्रमानुसार विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में मनोज कुमार लाढ़यिा, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अनूपपुर ने बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनके संरक्षण के संबंध में विधिक सेवा योजना मौलिक अधिकार, एवं कत्तव्य शिक्षा का अधिकार पॉक्सो अधिनियम एवं गुडटच बेडटच के संबंध में जानकारी दी इसी क्रम में बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण की योजना विधिक सहायता, विधिक सलाह, मध्यस्थता योजना इत्यादि की जानकारी दी साथ ही नालसा कॅाछ न्छप्ज -नशा मुक्त भारत के लिए नशीली दवाओं के प्रति जागरूकता और कल्याण मार्गदर्शन योजना के संबंध में बताया कि इस योजना के तहत नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अनैतिक तस्करी के खिलाफ जिले के समस्त सार्वजनिक स्थानों पर नशीली दवाओं की लत छुड़ाने और पुनर्वास के संबंध में यह अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यातायात नियम एवं नालसा टोल फ्री 15100 नंबर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उक्त शिविरों में, प्राचार्य विरेन्द्र सिंह, प्राचार्यकृष्ण कुमार पटेल, सरपंच ग्राम पंचायत दीपक कुमार कोल, अनुराग अवस्थी चौकी प्रभारी फुनगा, एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण, विद्यालय के छात्र/छात्राऐं उपस्थित रहें।

**आमजनों ने बोला जंगल में मोर नाचा किसने देखा**

## अनूपपुर में कांग्रेस का चोरी-छुपे विरोध, मंत्री विजयवर्गीय का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

देश-प्रदेश में कांग्रेस विपक्ष का पहला चेहरा है इसके बावजूद भी वह अपने सदमे से उभर नहीं पा रही है। पहले तो अपने बेतुके के फैसलों से अनूपपुर जिले में सुर्खियां रही। जिसमें अपने ही नियम को दरकिनार करते हुए दो बार पार्टी से निष्कासित नेता को अपना जिला अध्यक्ष बनाया, जबकि उसका आज तक निष्कासन वापस नहीं लिया गया है। अपरिपक्व नेता को सीधे कांग्रेस का जिला अध्यक्ष बनाया जिसका नतीजा आज सबके सामने है। मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शाजापुर में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को लेकर दिये गये बयान में कहा कि सार्वजनिक रूप से भाई-बहन के चुंबन को भारतीय संस्कृति के विपरीत बताते हुए इसे विदेशी संस्कृति बताया। मंत्री विजयवर्गीय के इस बयान से कांग्रेस में भारी आक्रोश है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कैलाश विजयवर्गीय को 'बेशर्म आदमी' बताते हुए उनके बयान की कड़ी निंदा की। इस बयान के विरोध में कांग्रेस पूरे देश और प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है। शुक्रवार की शाम अनूपपुर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डू चौहान के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय अनूपपुर में




कांग्रेस कार्यालय में चोरी छुपे विरोध प्रदर्शन करते हुए चंद कांग्रेसी पहुंचकर कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए मंत्री विजयवर्गीय का पुतला जलाया। इन पर कहावत सटीक बैठती हैं कि जंगल में मोर नाचा किसने देखा। अनूपपुर कांग्रेस का यह चोरी छुपे विजयवर्गीय का पुतला जलाना आम कांग्रेसियों को रास नहीं आया। लोगों का कहना था कि कांग्रेस इतनी भी कमजोर पार्टी नहीं है कि चुपचाप कांग्रेस भवन में पुतला दहन कर प्रदर्शन की खानापूर्ति की जाए। जिला अध्यक्ष को चाहिए था कि यह कार्यक्रम किसी चौराहे अथवा सार्वजनिक स्थान पर किया जाता तो इसका असर आमजन के बीच अच्छा संदेश जाता। इसमें जिला अध्यक्ष की अदूरदर्शिता दिखाई देती है।

## जिला प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा हैं कोलाहल अधिनियम का खुले आम उल्लंघन, प्रशासन नतमस्तक

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

शहर सहित पूरे जिले में इन दिनों खुले आम जिला प्रशासन की नाक के नीचे कोलाहल अधिनियम का खुले आम उल्लंघन हो रहा है। लेकिन जिला प्रशासन पूरी तरह से नतमस्तक हो गया है। देर रात तक तेज स्पीड में डीजे का उपयोग किया जा रहा है। जिससे हर किसी को परेशानी हो रही है। लेकिन कोई देखने-सुनने वाला नजर नहीं आ रहा।



विधि के जानकारो के अनुसार यदि कोई व्यक्ति निर्धारित ध्वनि सीमा का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें जुर्माना या उपकरण जब्त करना भी शामिल हो सकता है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। कोलाहल अधिनियम एक ऐसा कानून है जो ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करता है, जैसे लाउडस्पीकर और डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध लगाना और यह सुनिश्चित करता है कि सार्वजनिक शांति बनी रहे। मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 ऐसा ही एक अधिनियम है जो प्रदेश में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनुचित उपयोग को रोकता है और उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई करता है। जिला दंडाधिकारी कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत विभिन्न स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा सकते हैं। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का मुख्य उद्देश्य लोक शांति बनाए रखना और ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करना है। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत जिले के सभी अधिकारी और पुलिसकर्मी इस आदेश का कड़ाई से पालन करने के लिए पाबंद होते हैं। लेकिन अनूपपुर जिला मुख्यालय में देखा जा सकता है कि शाम को 5.00 के बाद एवं सुबह से तेज ध्वनि में डीजे बजाया जाता है। जो हर किसी के लिए सर दर्द है। आवाज की सीमा पर कोई प्रतिबंध नहीं है। जबकि सर्वोच्च न्यायालय का सख्त आदेश है आवाज की एक लिमिट है।लेकिन उसे देखने-सुनने वाला कोई नजर नहीं आ रहा।

## सकरा विद्यालय में सर्प प्रहरी शशिधर अग्रवाल ने सांपों की पहचान एवं सांपों से बचाव के उपाय से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिला मुख्यालय अनूपपुर से 10 किलोमीटर दूर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकरा में शुक्रवार की दोपहर जिला मुख्यालय अनूपपुर के सर्पप्रहरी शशिधर अग्रवाल ने विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को वर्षा काल के समय अधिक मात्रा में निकलते विभिन्न प्रजाति के सर्पो की पहचान जिसमें तीन जहरीले सांपों कोबरा(फन वाला साप), करैत (डंडाकरायल) एवं रसल वाइपर (जाडा) के प्रकार की पहचान के साथ जहर विहीन सर्प धामन (असढिया), अजगर (पायथन) पानी का सांप, गोह, गोहटी के साथ अन्य सर्पो की पहचान कराते हुए सांपों के रहने के स्थान लकड़ी का ढेर, कन्डो का ढेर, चूहे का बिल, दीवाल के बीच के खाली स्थानो के साथ अन्य स्थानों मे अपना आवास बनाते हुए आहार की तलाश में विचरण करते हैं अधिकांश पर सांप चूहा एवं मेंढक जैसे जंतुओं को आहार बनाने के लिए भटकते हुए ग्रामीण एवं शहर के नागरिकों के रहवास क्षेत्र में पहुंच जाते हैं खेत एवं बाडियो में भी विचरण करते हैं, उन्होंने बताया कि कोई भी सर्प अपने से कभी किसी पर हमला करने या डसने का कोशिश नहीं करता जबकि खेतों में काम करते या चारा, घास में चलते समय पैर से दबने, काम करते समय हाथ में अपने बचाव के लिए सर्प काटते हैं सर्प काटने की स्थिति में पीड़ति व्यक्ति को प्रारंभिक उपचार करने बाद सावधानी बरतते हुए पीड़ति को चलने नहीं देने, पानी नहीं देने, सोने नहीं देने एवं उसे अनावश्यक परेशान नहीं करने, डाझफूक, देशी उपचार नहीं करने जैसी सावधानी बरतते हुए किसी भी साधन से नजदीकी शासकीय चिकित्सालय में उपचार हेतु लाकर ड्यूटी डॉक्टर को सांप काटने की जानकारी दिया जाना चाहिए जिससे ड्यूटी डॉक्टर सर्प दंश से पीड़ति मरीज का शीघ्र उपचार कर सके। श्री अग्रवाल ने घर एवं आसपास के क्षेत्र में सांप के होने की स्थिति में उसे बाहर जाने का रास्ता दिए जाने, बाहर नहीं जाने की स्थिति में आसपास के सर्प प्रहरियों, सर्पमित्रों को जानकारी देते हुए सुरक्षित रेस्क्यू कराए जाने की बात कही इस दौरान छात्र-छात्राओं के माध्यम से अपने खेतों, घरों में काम करते समय एवं चलते समय सावधानी बरतते हुए रात के समय टार्च या रोशनी ले कर चलने, आसपास साफ सफाई रखने की बातें कही, इस बीच छात्र-छात्राओं द्वारा सांपों के संबंध में पूछे गए विभिन्न तरह के प्रश्नों का उत्तर दिया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य आर,पी सोनी ने सर्पो की पहचान एवं सर्पो से बचाव के संबंध में दी गई जानकारी से क्षेत्र के लोगों को बच्चों के माध्यम से लाभ मिलने की आशा व्यक्त की।



## जेईएम विद्यालय के छात्र सत्यम शिवहरे का राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में हुआ चयन

**शहडोल संभाग से पहला एवं मध्य प्रदेश से पांचवा स्थान बनाकर टीम में बनाई जगह**

**विद्यालय परिवार ने छात्र को सम्मान देकर किया रवाना**

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के जेईएम हायर सेकेंडरी विद्यालय जमुना कॉलरी में पढ़ने वाले सत्यम शिवहरे पुत्र मनोज शिवहरे कक्षा 12वीं का चयन राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में होने से शहडोल संभाग सहित समूचे क्षेत्र में हर्ष वातावरण निर्मित है। जेईएम विद्यालय के छात्र सत्यम शिवहरे ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से शहडोल संभाग में पहला स्थान हासिल करते हुए मध्य प्रदेश में पांचवा स्थान हासिल कर राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में अपनी जगह बनाई। जम्मू कश्मीर में आयोजित राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में खेलने के लिए सत्यम शिवहरे को 27 सितंबर 2025 को मध्य प्रदेश राष्ट्रीय दल के कोच शेख कुरैशी के साथ छात्र सत्यम शिवहरे को रवाना किया गया इस अवसर पर जेईएम हायर सेकेंडरी स्कूल जमुना कॉलरी के प्रबंध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष



नरेश शर्मा, सचिव लाल बहादुर जायसवाल, कोषाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद तिवारी, सदस्य शैलेंद्र सिंह, कैसर अली, राजेश सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य गुलाब सिंह तथा विद्यालय के सभी शिक्षकों ने छात्र सत्यम शिवहरे को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय की तरफ से 5000 का पुरस्कार प्रदान कर राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रवाना किया गया।

## पवित्र नगरी अमरकंटक में घना कोहरा और झमाझम बारिश का दौर, बिजली ने बढ़ाई मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

माँ नर्मदा की पावन जन्मस्थली, प्राकृतिक वैभव और आध्यात्मिक आस्था से सराबोर पवित्र नगरी अमरकंटक इन दिनों मौसम की अनूठी करवट का साक्षी बन रही है। बीते चार दिनों से लगातार हो रही झमाझम बारिश ने संपूर्ण नगर को भिगो डाला है। 26 एवं 27 सितंबर की रात्रि को हुई मूसलधार वर्षा ने वातावरण को और भी शीतल बना दिया। सुबह और शाम जब कोहरे की घनी परत नगर पर अपनी चादर तान लेती है, तब अमरकंटक का दृश्य किसी अलौकिक धरा से कम प्रतीत नहीं होता। परंतु इस सौंदर्य के साथ कठिनाई भी जुड़ी है। दृश्यता घटने के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय नागरिकों और दर्शनार्थियों को सफर में परेशानी उठानी पड़ रही है। वर्षा और कोहरे का प्रभाव विद्युत व्यवस्था पर भी साफ झलक रहा है। बिजली कभी आती है, तो कभी अचानक गुल हो जाती है। मानो बादलों की गर्जना और बिजली की आँख मिचौली मिलकर लोगों की धैर्य परीक्षा ले रही हो। मौसम विज्ञानियों ने पूर्व में ही चेताया था कि वायुमंडल में बने कम दबाव का क्षेत्र 28 सितंबर तक अच्छी-खासी वर्षा ला सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया था। विभाग की भविष्यवाणी अब शत-प्रतिशत सच साबित हो रही है। अमरकंटक ही नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्र भी निरंतर भारी बारिश से तरबतर हो चुके हैं। यद्यपि लगातार वर्षा और कोहरे ने तापमान को गिराकर उमस भरे मौसम से लोगों को राहत प्रदान की है, किंतु शारदीय नवरात्रि महापर्व के आयोजन और धार्मिक कार्यक्रम प्रभावित हुए बिना नहीं रहे। नगर के मंदिर प्रांगणों और देवी मंडपों में श्रद्धालुओं की आस्था बरसते मेघों के बीच भी अडिग है। नर्मदा तट पर गूंजते भजनों और पूजन-अर्चन के बीच श्रद्धालुओं का उत्साह इस बात का प्रतीक है कि चाहे मौसम जैसा भी हो, भक्ति की धारा अविरल बहती रहती है।



## ससुर और पति के निधन के बाद बहू ने मांगी अनुकम्पा नियुक्ति

डिण्डौरी

**जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझ रही जिले की एक महिला ने कलेक्टर से अनुकम्पा नियुक्ति की मांग की है। जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़झर के दल्काबंधा गांव की निवासी नीलम विश्वकर्मा ने आवेदन प्रस्तुत कर कहा है कि परिवार की जीविका और बेटे की शिक्षा जारी रखने के लिए उन्हें नौकरी की सख्त जरूरत है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि नीलम के ससुर बसोरी लाल विश्वकर्मा पंचायत सचिव थे, जिनका 15 अक्टूबर 2023 को निधन हो गया।**

उनके पुत्र दुर्गेश विश्वकर्मा को अनुकम्पा नियुक्ति मिलने वाली थी, किंतु दुर्भाग्यवश उनकी भी 21 मार्च 2025 को मृत्यु हो गई। पति और ससुर दोनों के निधन के बाद नीलम पर परिवार की जिम्मेदारी पूरी तरह आ गई है। उनका कहना है कि वर्तमान में कोई आर्थिक साधन नहीं होने से बेटे दक्ष विश्वकर्मा का पालन-पोषण और पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसलिए उन्होंने जिला प्रशासन से अपील की है कि उन्हें ससुर की सेवा के आधार पर अनुकम्पा नियुक्ति दी जाए। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे मामलों में सरकार को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए पात्र वारिस को रोजगार देकर परिवार की आजीविका सुनिश्चित करनी चाहिए।

### जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा फार्म कक्षा 9 एवं 11 की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर तक बढ़ी

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**

जवाहर नवोदय विद्यालय समिति ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली परीक्षा के आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 7 अक्टूबर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। समिति द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि के बाद छात्रों एवं अभिभावकों की मांग पर यह निर्णय लिया गया है। इच्छुक विद्यार्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आवासीय सुविधा एवं सर्वांगीण विकास के लिए विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाता है। अतः इस अवसर का लाभ उठाने के लिए अभ्यर्थियों को समय पर आवेदन करने की अपील की गई है।

### जिले में 13.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 13.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 15 मिली मीटर, कोतमा में 5 मिली मीटर, बिजुरी में 2.8 मिली मीटर, जैतहरी में 21 मिली मीटर, वेंकटनगर में 4.3 मिली मीटर, पुष्पराजगढ़ में 22.8 मिली मीटर, अमरकंटक में 33 मिली मीटर तथा बेनीबारी में 3.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

**नाम सुधार सूचना**

मैं अशोक कुमार झा आयु 52 वर्ष पिता शैलेन्द्र मोहन झा निवासी ग्राम महरेल अंधराठाडी आंधरा थाडी मधुवनी बिहार हाल निवास मोजर वेयर कालोनी जैतहरी तहसील व थाना जैतहरी जिला अनूपपुर म.प्र. शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते का मूल निवासी हूं। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम मीनाश्री झा है। जबकि मेरे पुत्री के 10वीं की अंकसूची पर मीनाश्री सुरुचि गलत दर्ज हो गया है। नाम मीनाश्री झा एवं मीनाश्री सुरूचि उक्त दोनों नाम मेरी पुत्री के ही है यह एक ही व्यक्ति के नाम है। मैं अपनी पुत्री के कक्षा 10वीं के अंकसूची / प्रमाण पत्र में दर्ज गलत नाम मीनाश्री सुरूचि की जगह वास्तविक नाम मीनाश्री झा लिखाये जाने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता